collegebatch.com

**SET-1**

**Series RP5PS/5**

**प्रश्न-पत्र कोड**
**Q.P. Code 64/5/1**

रोल नं.
Roll No. | | | | | | | | |

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

**नोट**

(I) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **23** (**2 मानचित्र** सहित) हैं ।

(II) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **30** प्रश्न हैं ।

(III) प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।

(IV) **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**

(V) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

**NOTE**

(I) Please check that this question paper contains **23** printed pages (Including **2 Maps**).

(II) Please check that this question paper contains **30** questions.

(III) Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.

(IV) **Please write down the serial number of the question in the answer-book before attempting it.**

(V) 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the candidates will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

# भूगोल (सैद्धान्तिक)

# GEOGRAPHY (Theory)

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* — *अधिकतम अंक : 70*

*Time allowed : 3 hours* — *Maximum Marks : 70*

collegebatch.com

**सामान्य निर्देश :**

**निम्नलिखित निर्देशों को सावधानीपूर्वक पढ़िए और उनका सख़्ती से पालन कीजिए :**

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र में कुल **30** प्रश्न हैं । **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं ।*

*(ii)* *यह प्रश्न-पत्र **पाँच** खंडों में विभाजित है – **खंड-क, ख, ग, घ** एवं **ङ** ।*

*(iii)* ***खंड – क** : प्रश्न संख्या **1** से **17** तक बहुविकल्पीय प्रश्न हैं ।*

*(iv)* ***खंड – ख** : प्रश्न संख्या **18** एवं **19** स्रोत आधारित प्रश्न हैं ।*

*(v)* ***खंड – ग** : प्रश्न संख्या **20** से **23** तक लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **80** से **100** शब्दों में लिखा जाना चाहिए ।*

*(vi)* ***खंड – घ** : प्रश्न संख्या **24** से **28** दीर्घ-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **120** से **150** शब्दों में लिखा जाना चाहिए ।*

*(vii)* ***खंड – ङ** : प्रश्न संख्या **29** व **30** मानचित्र-आधारित प्रश्न हैं ।*

## खंड – क

**(प्रश्न संख्या 1 से 17 बहुविकल्पीय प्रश्न हैं ।)** **(17 × 1 = 17)**

1. 'नीरु-मीरु' जल-संभर प्रबंधन कार्यक्रम निम्नलिखित में से किस राज्य से संबंधित है ? **1**

   (A) राजस्थान (B) तमिलनाडु

   (C) आंध्र प्रदेश (D) कर्नाटक

2. निम्नलिखित में से कौन-सा 'जल संरक्षण' के लिए जागरूकता फैलाने वाला जनसंचार माध्यम है ? **1**

   (A) लोगों को पत्र लिखना । (B) दूरभाष द्वारा वार्तालाप

   (C) टी.वी. और प्रिंट मीडिया द्वारा (D) लोगों के साथ व्यक्तिगत संपर्क

collegebatch.com

***General Instructions :***

***Read the following instructions carefully and follow them :***

*(i)* *This question paper contains **30** questions. **All** questions are **compulsory**.*

*(ii)* *This Question paper is divided into **five** Sections – **Section A, B, C, D** and **E.***

*(iii)* *Section **A** - Question Nos. **1** to **17** are Multiple Choice (MCQ) type Questions.*

*(iv)* *Section **B** - Question Nos. **18** and **19** are Source based questions.*

*(v)* *Section **C** - Question Nos. **20** to **23** are Short Answer (SA) type questions. Answer to these questions shall be written in **80** to **100** words.*

*(vi)* *Section **D** - Question Nos. **24** to **28** are Long Answer (LA) type questions. Answer to these questions shall be written in **120** to **150** words.*

*(vii)* *Section **E** - Question Nos. **29** & **30** are Map based questions.*

## SECTION – A

**(Q. Nos. 1 to 17 are Multiple Choice Questions.)** **(17 × 1 = 17)**

1. 'Neeru-Meeru' watershed management programme is associated with which of the following states ? **1**

   (A) Rajasthan (B) Tamil Nadu

   (C) Andhra Pradesh (D) Karnataka

2. Which of the following is a means of mass awareness regarding 'water conservation' ? **1**

   (A) Writing letters to the people. (B) Telephonic conversation

   (C) Through T.V. and Print Media (D) Personal contact with people

3. 'जल क्रांति अभियान' का निम्नलिखित में से कौन-सा प्रमुख उद्देश्य है ? **1**

(A) प्रति व्यक्ति जल की उपलब्धता को सुनिश्चित करना ।

(B) वर्षा-जल संग्रहण ।

(C) जल संसाधन का संरक्षण ।

(D) कृषि के लिए पर्याप्त जल उपलब्ध कराना ।

4. निम्न दो कथन दिए गये हैं । ये **अभिकथन (A)** और **कारण (R)** हैं । दोनों कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए । **1**

**अभिकथन (A) :** "मुक्त अंतर्राष्ट्रीय व्यापार अविकसित देशों के लिए हानिकारक सिद्ध हो सकता है ।"

**कारण (R) :** अविकसित देश विकसित देशों के साथ प्रतिस्पर्धा में बराबर नहीं हैं ।

**विकल्प :**

(A) (A) सही है, लेकिन (R) गलत है ।

(B) (A) गलत है, लेकिन (R) सही है ।

(C) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ।

(D) (A) और (R) दोनों सही हैं, लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

5. भारत में जूट की खेती के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा तथ्य सही है ? **1**

(A) पश्चिम बंगाल जूट उत्पादन में अग्रणी है ।

(B) पंजाब और हरियाणा में जूट नकदी फसल है ।

(C) मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र अन्य अग्रणी जूट उत्पादक राज्य हैं ।

(D) विश्व के जूट उत्पादन का लगभग 30% भारत उत्पादित करता है ।

6. निम्नलिखित सूचनाओं को ध्यानपूर्वक पढ़िए और फसल के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए : **1**

- खरीफ़ ऋतु में बोई जाती है ।
- प्रमुख रूप से भारत के अर्ध-शुष्क भागों में बोई जाती है ।
- गुजरात और महाराष्ट्र अग्रणी उत्पादक राज्य हैं ।

**विकल्प :**

(A) कपास (B) चाय

(C) जूट (D) गन्ना

collegebatch.com

3. Which one of the following is the main objective of 'Jal Kranti Abhiyan' ? **1**

(A) Per capita water availability assurance

(B) Rain-water harvesting

(C) Conservation of water resources

(D) Providing sufficient water for agriculture

4. Two statements are given below. They are **Assertion (A)** and **Reason (R)**. Read them carefully and choose the correct option. **1**

**Assertion (A) :** "Free international trade can prove to be detrimental to the under-developed countries."

**Reason (R) :** Under-developed countries are not at par to compete with developed countries.

**Options :**

(A) (A) is correct, but (R) is incorrect.

(B) (A) is incorrect, but (R) is correct.

(C) Both (A) and (R) are correct and (R) is correct explanation of (A).

(D) Both (A) and (R) are correct, but (R) is not correct explanation of (A).

5. Which of the following fact, about jute cultivation in India, is true ? **1**

(A) West Bengal is the leading producer of jute.

(B) Jute is cash crop for Punjab and Haryana.

(C) Madhya Pradesh and Maharashtra are other leading jute producing states.

(D) India produces about 30% of the jute production of the world.

6. Read the following information carefully and identify the correct option for the crop : **1**

- Grown in Kharif season.
- Mainly grown in semi-arid area in India.
- Gujarat and Maharashtra are the leading producer states.

**Option :**

(A) Cotton (B) Tea

(C) Jute (D) Sugarcane

7. निम्नलिखित में से भारत का कौन-सा राज्य मैंगनीज़ उत्पादन में अग्रणी है ? **1**

(A) झारखंड (B) मध्य प्रदेश

(C) ओडिशा (D) बिहार

8. निम्नलिखित में से कौन-सा भारत का विशालतम कोयला क्षेत्र है ? **1**

(A) झरिया (B) रानीगंज

(C) नेवेली (D) बोकारो

9. निम्नलिखित में से कौन-सा राष्ट्रीय जलमार्ग उसके विस्तार से सही सुमेलित है ? **1**

| | **(राष्ट्रीय जलमार्ग)** | | **(विस्तार)** |
|---|---|---|---|
| (A) | राष्ट्रीय जलमार्ग संख्या 1 | – | गोदावरी – कृष्णा |
| (B) | राष्ट्रीय जलमार्ग संख्या 2 | – | सदिया – धुबरी |
| (C) | राष्ट्रीय जलमार्ग संख्या 3 | – | इलाहाबाद – हल्दिया |
| (D) | राष्ट्रीय जलमार्ग संख्या 4 | – | कोट्टापुरम – कोलम |

10. कॉलम-I का मिलान कॉलम-II से कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए : **1**

| | **कॉलम-I (रेलवे-मंडल)** | | **कॉलम-II (मुख्यालय)** |
|---|---|---|---|
| (a) | नादर्न | (i) | हाजीपुर |
| (b) | साउथ सेंट्रल | (ii) | चेन्नई |
| (c) | सदर्न | (iii) | नई दिल्ली |
| (d) | ईस्ट सेंट्रल | (iv) | सिकंदराबाद |

**विकल्प :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (B) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |
| (C) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (D) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |

11. निम्नलिखित में से कौन-सा महानगर स्वर्णिम चतुर्भुज परियोजना से जुड़ा हुआ नहीं है ? **1**

(A) मुंबई (B) चेन्नई

(C) हैदराबाद (D) दिल्ली

collegebatch.com

7. Which one of the following states in India is the leading producer of manganese ? **1**

(A) Jharkhand (B) Madhya Pradesh

(C) Odisha (D) Bihar

8. Which one of the following is the largest coalfields in India ? **1**

(A) Jharia (B) Raniganj

(C) Neyveli (D) Bokaro

9. Which of the following waterways and their stretches are correctly matched ? **1**

| | (National Waterways) | | (Stretch) |
|---|---|---|---|
| (A) | National Waterways No. 1 | – | Godavari – Krishna |
| (B) | National Waterways No. 2 | – | Sadiya – Dhubri |
| (C) | National Waterways No. 3 | – | Allahabad – Haldia |
| (D) | National Waterways No. 4 | – | Kottapuram – Kollam |

10. Match the Column-I with Column-II and choose the correct option : **1**

| | Column-I (Railway Zone) | | Column-II (Headquarters) |
|---|---|---|---|
| (a) | Northern | (i) | Hajipur |
| (b) | South Central | (ii) | Chennai |
| (c) | Southern | (iii) | New Delhi |
| (d) | East Central | (iv) | Secunderabad |

**Options :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (B) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |
| (C) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (D) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |

11. Which of the following metro-cities is not linked with the 'Golden Quadrilateral' ? **1**

(A) Mumbai (B) Chennai

(C) Hyderabad (D) Delhi

collegebatch.com

12. नीचे दो कथन दिए गये हैं । ये **अभिकथन (A)** और **कारण (R)** हैं । दोनों कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए । **1**

**अभिकथन (A) :** "पोताश्रय तथा पत्तन अंतर्राष्ट्रीय व्यापार के प्रवेश-द्वार होते हैं ।"

**कारण (R) :** विश्व में पत्तनों और पोताश्रयों द्वारा केवल भारी जहाजी माल का परिवहन किया जाता है ।

**विकल्प :**

(A) (A) सही है, लेकिन (R) गलत है ।

(B) (A) गलत है, लेकिन (R) सही है ।

(C) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ।

(D) (A) और (R) दोनों सही हैं, लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

13. निम्नलिखित में से कौन-सा तेल पत्तन का उदाहरण है ? **1**

(A) अबादान (B) मैनचेस्टर

(C) कोच्चि (D) डोवर

14. नीचे दो कथन दिए गये हैं । ये **अभिकथन (A)** और **कारण (R)** हैं । दोनों कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए । **1**

**अभिकथन (A) :** भारत में जलमार्ग यात्री तथा माल वहन, दोनों के लिए परिवहन की एक महत्वपूर्ण विधा है ।

**कारण (R) :** यह ईंधन-दक्ष तथा पारिस्थितिकी अनुकूल परिवहन प्रणाली है ।

**विकल्प :**

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

(C) (A) सही है, लेकिन (R) गलत है ।

(D) (A) गलत है, लेकिन (R) सही है ।

collegebatch.com

12. Two statements are given below. They are **Assertion (A)** and **Reason (R)**. Read them carefully and choose the correct option. **1**

**Assertion (A) :** "The gateways of the International trade are the ports and harbours."

**Reason (R) :** Only heavy cargos are transported through ports and harbours in the world.

**Options :**

(A) (A) is correct, but (R) is incorrect.

(B) (A) is incorrect, but (R) is correct.

(C) Both (A) and (R) are correct and (R) is correct explanation of (A).

(D) Both (A) and (R) are correct, but (R) is not correct explanation of (A).

13. Which one of the following is an example of oil port ? **1**

(A) Abadan (B) Manchester

(C) Kochchi (D) Dover

14. Two statements are given below. They are **Assertion (A)** and **Reason (R)**. Read them carefully and choose the correct option. **1**

**Assertion (A) :** "Waterway is an important mode of transport both for passengers and cargo traffic in India."

**Reason (R) :** "It is fuel efficient and eco-friendly mode of transport."

**Options :**

(A) Both (A) and (R) are correct and (R) is correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are correct, but (R) is not correct explanation of (A).

(C) (A) is correct, but (R) is incorrect.

(D) (A) is incorrect, but (R) is correct.

collegebatch.com

दिए गए अनुच्छेद को पढ़िए और प्रश्न संख्या **15** से **17** तक का उत्तर लिखिए :

**उच्च मानव विकास की विशेषताएँ**

उच्च मानव विकास समूह में 53 देश सम्मिलित हैं । आप पाएँगे कि शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को उपलब्ध कराना सरकार की महत्त्वपूर्ण प्राथमिकता है । यह जानना महत्त्वपूर्ण है कि उच्चतर मानव विकास वाले देश वे हैं जहाँ सामाजिक खंड में बहुत निवेश हुआ है । लोगों और सुशासन में उच्चतर निवेश ने इस वर्ग के देशों को अन्य देशों से सर्वथा अलग कर दिया है ।

इनमें से अनेक देश पूर्व साम्राज्य शक्तियाँ रही हैं । इन देशों में सामाजिक विविधता का स्तर उच्च नहीं है । उच्च मानव विकास स्कोर वाले देश यूरोप में अवस्थित हैं और वे औद्योगीकृत पश्चिमी विश्व का प्रतिनिधित्व करते हैं । फिर भी गैर-यूरोपीय देशों की संख्या आश्चर्यचकित करने वाली है, जिन्होंने इस सूची में अपना स्थान बनाया है ।

15. उच्च मानव विकास सूचकांक वाले देशों में निम्नलिखित में से कौन-सी महत्वपूर्ण प्राथमिकता है ? सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए । **1**

(A) शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा

(B) स्वास्थ्य सेवा एवं प्रादेशिक सुरक्षा

(C) शिक्षा और औद्योगिक विकास

(D) आर्थिक विकास और प्रति व्यक्ति आय

16. निम्नलिखित में से कौन-सा उच्च मानव विकास वाले देशों को अन्य देशों से अलग करता है ? सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए । **1**

(A) उच्च सकल घरेलू उत्पाद

(B) सामाजिक क्षेत्रक में उच्च निवेश

(C) उच्च औद्योगीकरण

(D) उच्च प्रति व्यक्ति आय

17. उच्च मानव विकास सूचकांक की श्रेणी के अंतर्गत कितने देश हैं ? सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए । **1**

(A) 51 (B) 52

(C) 53 (D) 54

collegebatch.com

Read the given passage and answer the Question Nos. **15** to **17** :

**Characteristics of High Human Development**

High level of human development group has 53 countries. Providing education and healthcare is an important government priority. Countries with higher human development are those where a lot of investment in the social sector has taken place. Altogether, a higher investment in people and good governance has set this group of countries apart from the others.

Many of these countries has been the former imperial powers. The degree of social diversity in these countries is not very high. Many of the countries with a high human development score are located in Europe and represent the industrialised western world. Yet there are striking numbers of non-European countries also who have made it to this list.

15. Which one of the following is an important priority of 'high human development index' countries ? Choose the most appropriate option. **1**
    (A) Education and healthcare
    (B) Healthcare and territorial security
    (C) Education and industrial development.
    (D) Economic development and per capita income

16. Which one of the followings differentiates the higher human development countries from others ? Choose the most appropriate option. **1**
    (A) Higher gross domestic production
    (B) Higher investment in social sector
    (C) Higher industrialization
    (D) Higher per capita income

17. How many countries are under 'high human development index' category ? Choose the correct option. **1**
    (A) 51 (B) 52
    (C) 53 (D) 54

## खंड – ख

**(प्रश्न संख्या 18 व 19 स्रोत आधारित प्रश्न हैं ।)** **(2 × 3 = 6)**

18. दिए गए अनुच्छेद को ध्यान से पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों का उत्तर लिखिए :

**भरमौर क्षेत्र में एकीकृत जनजाति विकास परियोजना :**

यह क्षेत्र 32° 11' उत्तर से 32° 41' उत्तर अक्षांशों तथा 76° 22' पूर्व से 76° 53' पूर्व देशांतरों के बीच स्थित है । यह प्रदेश लगभग 1,818 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैला हुआ है और इसका अधिकतर भाग समुद्र तल से 1,500 मीटर से 3,700 मीटर की औसत ऊँचाई के बीच स्थित है । गद्दियों की आवास भूमि कहलाया जाने वाला यह क्षेत्र चारों दिशाओं में ऊँचे पर्वतों से घिरा हुआ है । इसके उत्तर में पीर पंजाल तथा दक्षिण में धौलाधार पर्वत श्रेणियाँ हैं । पूर्व में धौलाधार श्रेणी का फैलाव रोहतांग दर्रे के पास पीर पंजाल श्रेणी से मिलता है । इस क्षेत्र में रावी और इसकी सहायक नदियाँ बुढ़ील और टुंडेन बहती हैं और गहरे महाखड्डों का निर्माण करती हैं । ये नदियाँ इस पहाड़ी प्रदेश को चार भूखंडों, होली, खणी, कुगती और दुण्डाह, में विभाजित करती हैं । शरद् ऋतु में भरमौर में जमा देने वाली कड़ाके की सर्दी और बर्फ़ पड़ती है तथा जनवरी में यहाँ औसत मासिक तापमान 4 °सेल्सियस और जुलाई में 26 °सेल्सियस रहता है ।


(18.1) भरमौर क्षेत्र की अवस्थिति का वर्णन कीजिए । **1**

(18.2) यह क्षेत्र कठोर जलवायविक दशाओं का अनुभव क्यों करता है ? कोई एक कारण दीजिए **1**

(18.3) यह क्षेत्र आर्थिक रूप से पिछड़ा क्यों है ? किसी एक कारण की व्याख्या कीजिए । **1**

19. दिए गए मानचित्र का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों का उत्तर लिखिए :

**आंतरिक जलमार्ग**



## SECTION – B

**(Q. Nos. 18 and 19 are Source Based Questions.)** **(2 × 3 = 6)**

18. Read the given passage carefully and answer the questions that follow :

**Integrated Tribal Development Project in Bharmaur Region**

This region lies between 32° 11' N and 32° 41' N latitudes and 76° 22' E and 76° 53' E longitudes. Spread over an area of about 1,818 sq km, the region mostly lies between 1,500 m to 3,700 m above the mean sea level. This region popularly known as the homeland of *Gaddis* is surrounded by lofty mountains on all sides. It has *Pir Panjal* in the north and *Dhaula Dhar* in the South. In the east, the extension of *Dhula Dhar* converges with Pir Panjal near Rohtang Pass. The river Ravi and its tributaries-the *Budhil* and the *Tundahen*, drain this territory, and carve out deep gorges. These rivers divide the region into four physiographic divisions called *Holi*, *Khani*, *Kugti* and *Tundah* areas. Bharmaur experiences freezing weather conditions and snowfall in winter. Its mean monthly temperature in January remains 4 °C and in July 26 °C.


(18.1) Describe the location of Bharmaur region. **1**

(18.2) Why does this region experience harsh climatic conditions ? Give one reason. **1**

(18.3) Why is this region economically backward ? Explain any one reason. **1**

19. Study the given map carefully and answer the questions that follow :

**Inland Waterway**



collegebatch.com

(19.1) दिए गए आंतरिक जलमार्ग की पहचान कीजिए और उसका नाम लिखिए। **1**

(19.2) पूर्व की ओर से मिलने वाली इसकी दो सहायक नदियों का उल्लेख कीजिए। **½ + ½ = 1**

(19.3) दिए गए जलमार्ग के टर्मिनल पत्तनों के नाम लिखिए। **½ + ½ = 1**

**नोट : निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 19 के स्थान पर है।**

19. विश्व में परिवहन के साधन के रूप में आंतरिक जलमार्ग के महत्त्व को स्पष्ट कीजिए। **3 × 1 = 3**

## खंड – ग

**(प्रश्न संख्या 20 से 23 लघु-उत्तरीय प्रश्न हैं।)** **(4 × 3 = 12)**

20. (a) "समस्त भौगोलिक अध्ययनों में मानव और प्रकृति अविभाज्य तत्त्व हैं।" इस कथन की परख कीजिए। **3**

**अथवा**

(b) पर्यावरणीय निश्चयवाद के मुख्य पहलुओं की परख कीजिए। **3**

21. विश्व के ग्रामीण क्षेत्रों में आवधिक बाज़ार की मुख्य विशेषताओं की व्याख्या कीजिए। **3**

22. (a) भारत में 'स्मार्ट सिटी मिशन' के मुख्य उद्देश्यों की व्याख्या कीजिए। **3**

**अथवा**

(b) भारत में परिक्षिप्त बस्तियों की मुख्य विशेषताओं की व्याख्या कीजिए। **3**

23. "भारत के अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में वस्तुओं के संघटकों में समय के साथ बदलाव आए हैं।" इस कथन की उदाहरणों सहित परख कीजिए। **3**

## खंड – घ

**(प्रश्न संख्या 24 से 28 दीर्घ-उत्तरीय प्रश्न हैं।)** **(5 × 5 = 25)**

24. विश्व में जनसंख्या वितरण को प्रभावित करने वाले किन्हीं पाँच कारकों का विश्लेषण कीजिए। **5**

25. (a) विश्व में 'सहकारी कृषि' की प्रमुख विशेषताओं की परख कीजिए। **5**

**अथवा**

(b) विश्व में 'डेरी कृषि' की प्रमुख विशेषताओं की परख कीजिए। **5**

collegebatch.com

(19.1) Identify the given inland waterway and write its name. **1**

(19.2) Mention its two tributaries joining from East. **½ + ½ = 1**

(19.3) Write the names of terminal ports of the given waterways. **½ + ½ = 1**

**Note : The following question is for Visually Impaired Candidates only in lieu of Q. No. 19.**

19. Explain the importance of inland waterways as the means of transportation in the world. **3 × 1 = 3**

## SECTION – C

**(Q. Nos. 20 to 23 are Short Answer Type Questions.) (4 × 3 = 12)**

20. (a) "Nature and human are inseparable elements in all geographical studies." Examine the statement. **3**

**OR**

(b) Examine the main aspects of environmental determinism. **3**

21. Explain the main features of periodic markets in rural areas of the world. **3**

22. (a) Explain the main objectives of 'Smart Cities Mission' in India. **3**

**OR**

(b) Explain the main features of the dispersed settlements in India. **3**

23. "The composition of commodities in India's international trade has been undergoing a change over the years." Examine the statement with examples. **3**

## SECTION - D

**(Q. Nos. 24 to 28 are Long Answer Type Questions.) (5 × 5 = 25)**

24. Analyse any five factors affecting world distribution of population. **5**

25. (a) Examine the main characteristics of Co-operative Farming in the world. **5**

**OR**

(b) Examine the main characteristics of Dairy Farming in the world. **5**

collegebatch.com

26. विश्व में छोटे और बड़े पैमाने के निर्माण उद्योगों में अंतर स्पष्ट कीजिए । **5**

27. (a) "भारत में नगरीय जनसंख्या के वितरण में व्यापक भिन्नता पाई जाती है ।" इस कथन की परख कीजिए । **5**

**अथवा**

(b) "यदि विकास में सभी जेंडर सम्मिलित नहीं हैं तो ऐसा विकास लुप्तप्राय है ।" समावेशी विकास के संदर्भ में इस कथन की परख कीजिए । **5**

28. (a) भारत में वायु प्रदूषण के किन्हीं दो स्रोतों का वर्णन कीजिए और वायु प्रदूषण के समाधान के लिए कोई तीन उपाय सुझाइए । **2 + 3 = 5**

**अथवा**

(b) भारत में जल प्रदूषण के किन्हीं दो स्रोतों का वर्णन कीजिए । जल प्रदूषण के समाधान के लिए कोई तीन उपाय सुझाइए । **2 + 3 = 5**

## खंड – ङ

**(प्रश्न संख्या 29 व 30 मानचित्र आधारित प्रश्न हैं ।)** **(2 × 5 = 10)**

29. दिए गए विश्व के राजनीतिक रेखा–मानचित्र पर सात भौगोलिक लक्षणों को A, B, C, D, E, F और G के रूप में अंकित किया गया है । किन्हीं **पाँच** की पहचान निम्नलिखित जानकारी की सहायता से कीजिए और उनके पास खींची गई रेखाओं पर उनके सही नाम लिखिए : **5**

A. एक प्रमुख समुद्री पत्तन ।

B. एक अंतर्राष्ट्रीय हवाई–पत्तन ।

C. एक महत्त्वपूर्ण नौ–परिवहन नहर ।

D. एक निर्वाहन संग्रहण का क्षेत्र ।

E. चलवासी पशुचारण का एक क्षेत्र ।

F. पार–महाद्वीपीय रेल लाइन का एक टर्मिनल (सिरे का) स्टेशन ।

G. विस्तृत वाणिज्य अनाज कृषि का एक क्षेत्र ।

collegebatch.com

26. Differentiate the small and large scale manufacturing industries in the world. **5**

27. (a) "The distribution of urban population over India has wide variations." Examine the statement. **5**

**OR**

(b) "If development is not engendered, it is endangered." Examine the statement in the context of inclusive development. **5**

28. (a) Describe any two sources of air pollution in India and suggest any three measures to overcome the air pollution. **2 + 3 = 5**

**OR**

(b) Describe any two sources of water pollution in India. Suggest any three measures to overcome the water pollution. **2 + 3 = 5**

## SECTION – E

**(Q. Nos. 29 and 30 are Map Based Questions.)** **(2 × 5 = 10)**

29. On the given political outline map of the world, seven geographical features have been shown as A, B, C, D, E, F and G. Identify any **five** with the help of following information and write their correct names on the lines drawn near them : **5**

A. A major sea-port

B. An international airport

C. An important shipping canal

D. An area of subsistence gathering

E. An area of nomadic herding

F. A terminal station of trans-continental railway.

G. An area of extensive commercial grain farming

collegebatch.com

**नोट : निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 29 के स्थान पर है। किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर लिखिए।** **5**

29.1 कनाडा के पश्चिम तट पर स्थित एक प्रमुख समुद्री पत्तन का नाम लिखिए।

29.2 चिली के एक अंतर्राष्ट्रीय वायु पत्तन का नाम लिखिए।

29.3 भूमध्य सागर और लाल सागर को जोड़ने वाली नहर का नाम लिखिए।

29.4 अफ्रीका के एक महत्त्वपूर्ण निर्वाहन संग्रहण क्षेत्र का नाम लिखिए।

29.5 एशिया के एक चलवासी पशुचारण क्षेत्र का नाम लिखिए।

29.6 पार–कैनेडियन रेलवे के पूर्वी टर्मिनल (सिरे के) स्टेशन का नाम लिखिए।

29.7 ऑस्ट्रेलिया के एक विस्तृत वाणिज्य अनाज कृषि के क्षेत्र का नाम लिखिए।

30\. दिए गए भारत के राजनीतिक रेखा–मानचित्र में निम्नलिखित में से किन्हीं **पाँच** भौगोलिक लक्षणों को उचित चिह्नों द्वारा दर्शाइए और उनके नाम लिखिए : **5**

30.1 कॉफी उत्पादन का अग्रणी राज्य।

30.2 उत्तर प्रदेश का एक तेल शोधन कारखाना।

30.3 पश्चिम बंगाल में कोयला खनन का एक महत्वपूर्ण क्षेत्र।

30.4 गोवा के तट पर स्थित एक प्रमुख समुद्री पत्तन।

30.5 सर्वाधिक जनसंख्या घनत्व वाला राज्य।

30.6 गुजरात में स्थित एक अंतर्राष्ट्रीय वायु पत्तन।

30.7 छत्तीसगढ़ में एक लौह–अयस्क खनन क्षेत्र।

**नोट : निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 30 के स्थान पर है। किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर लिखिए।** **5**

30.1 कॉफी उत्पादक अग्रणी राज्य का नाम लिखिए।

30.2 उत्तर प्रदेश में उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ तेल शोधन कारखाना स्थित है।

30.3 पश्चिम बंगाल के एक कोयला खनन क्षेत्र का नाम लिखिए।

30.4 गोवा के तट पर स्थित एक समुद्री पत्तन का नाम लिखिए।

30.5 किस राज्य में जनसंख्या घनत्व सर्वाधिक है ?

30.6 कर्नाटक में स्थित एक अंतर्राष्ट्रीय वायु पत्तन का नाम लिखिए।

30.7 छत्तीसगढ़ में एक लौह–अयस्क खनन क्षेत्र का नाम लिखिए।

collegebatch.com

**Note : The following questions are for Visually Impaired Candidates only in lieu of Q. No. 29. Answer <u>any five</u> questions.** **5**

29.1 Name the major seaport located on the west coast of Canada.

29.2 Name the international airport of Chile.

29.3 Name the canal connecting the Red Sea and the Mediterranean Sea.

29.4 Name an important area of subsistence gathering in Africa.

29.5 Name an area of nomadic herding in Asia.

29.6 Name the eastern terminal station of Trans-Canadian Railway.

29.7 Name an area of extensive commercial grain farming in Australia.

30. Locate and label any **<u>five</u>** of the following geographical features with appropriate symbols on the given political outline map of India : **5**

30.1 A state leading in the production of coffee.

30.2 An oil refinery in Uttar Pradesh.

30.3 An important coal mining area in West Bengal.

30.4 A major seaport along the coast of Goa.

30.5 A state with highest population density.

30.6 An international airport in Gujarat.

30.7 An iron-ore mining area in Chhattisgarh.

**Note : The following questions are for Visually Impaired Candidates only in lieu of Q. No. 30. Answer <u>any five</u> questions.** **5**

30.1 Name the state leading in the production of coffee.

30.2 Name the place where oil refinery is located in Uttar Pradesh.

30.3 Name one coal mining area in West Bengal.

30.4 Name the seaport along the coast of Goa.

30.5 Which state has the highest population density ?


30.6 Name the international airport located in Karnataka.

30.7 Name one iron-ore mining area in Chhattisgarh.

collegebatch.com

प्रश्न सं. **29** के लिए मानचित्र

Map for Q. No. **29**




Cut Here — यहाँ से काटें — Cut Here — यहाँ से काटें

collegebatch.com

प्रश्न सं. **30** के लिए मानचित्र

Map for Q. No. **30**




यहाँ से काटें ---- Cut Here ---- यहाँ से काटें ---- Cut Here